Annexuxre-3

क्रियान्वयन हेतु संशोधित दिशा निर्देश

कार्यक्रम का नामः Mobile Medical Units (Including recurring expenditure)

बजट/एफ०एम०आर शीर्ष (अनुलग्नक 2 के आधार पर): Mobile Medical Units (Including recurring expenditure)

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर कोड संख्या (अनुलग्नक 2 के आधार पर): B11

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण :–

जिलों के सुदूरवर्ती इलाकों में स्वास्थ्य की सुविधा आमजनों तक पहुँचाने के लिए लोक निजी साझेदारी के तहत MMU प्रत्येक जिले के लिए स्वीकृत किया गया है। यह MMU एजेन्सी के द्वारा सभी सुविधाओं के साथ (अनुबंध में उल्लेखित) किराये पर चलाया जायेगा। मोबाईल मेडिकल यूनिट (आरोग्य रथ) के किराये का भुगतान जिला स्वास्थ्य समिति एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट (धनवन्तरी रथ) के किराये का भुगतान (पटना जिले के एक धनवन्तरी रथ को छोड़कर) क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक जिला में एक मोबाईल मेडिकल यूनिट (आरोग्य रथ), प्रमण्डलीय मुख्यालयों में (धनवन्तरी रथ) तथा पटना शहरी क्षेत्र के मलिन बस्तियों में एक अर्थात कुल (24+9+1) 34 MMU कार्यरत होगा। यह मोबाईल मेडिकल यूनिट ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैश एक बड़ी वाहन, जिसके साथ टाटा सुमो अथवा बोलेरो का एक अतिरिक्त वाहन होगा जिसमें चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जायेंगे। इसके लिए 3 बड़ी एजेन्सियों यथा – मेसर्स जागरण सोल्युशन्स, नई दिल्ली, मेसर्स जैन स्टूडियोज लि०, नई दिल्ली एवं मेसर्स सम्मान फाउण्डेशन, पटना को आउटसोर्स किया गया है ।

ईकाई राशि (रु० में) :– प्रति मोबाईल यूनिट 2,000,00/- रुपये (रु० दो लाख) प्रतिमाह।

वित्तीय दिशा–निर्देश

एकरारनामा के मुताबिक आरोग्य रथ मोबाईल मेडिकल यूनिट जिला स्वास्थ्य समिति के अधीन तथा धनवन्तरी रथ क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के अधीन (पटना जिले के एक धनवन्तरी रथ को छोड़कर) एजेन्सी के द्वारा परिचालित किया जाएगा। एकरारनामा में दिये गए Performance Indicator के आधार पर परिचालन के उपरान्त माह के अंत में 2,000,00/- रुपये (रु० दो लाख) किराया एजेन्सी को देय होगा। इसके लिए माह के अंत में एजेन्सी के द्वारा विपत्र समर्पित किया जायेगा जिसके जाँचोपरान्त भुगतान किया जायेगा।

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करे।

(क)

(ख)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम : डॉ० मदन प्रसाद शर्मा

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नम्बर : 9470003023

म० प्र० शर्मा
18.12.2012

(डॉ० मदन प्रसाद शर्मा)
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

18/12/12